>

Title: Regarding inclusion of poor families in Ayushman Bharat.

श्री सुनील कुमार पिंटू (सीतामढ़ी): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं । माननीय प्रधान मंत्री जी का गोल्डन प्रोजेक्ट 'आयुष्मान भारत' के अंदर आज गरीबों को इस सुविधा का लाभ मिल रहा है । परन्तु बहुत सारे ऐसे गरीब हैं, जिनके राशन कार्ड या आधार कार्ड में थोड़ी सी त्रुटि होने के कारण आज उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है और वह इस सेवा से वंचित हो रहे हैं ।

मेरा आपसे अनुरोध है कि सरकार का ऐसा डायरेक्शन हो कि इन सब छोटी-मोटी त्रुटियों पर ध्यान न देकर गरीबों का 'आयुष्मान भारत' का कार्ड बने, ताकि वे अपना इलाज करा सकें । इसके साथ-साथ इसमें सेल्फ चिकित्सा और सर्जरी के अलावा अन्य बीमारियों का इलाज भी आयुष्मान भारत के तहत हो सके । इसमें सबसे बड़ी कमी यह है कि ओपीडी के अंतर्गत इसमें उल्लेख नहीं है । यदि कोई गरीब व्यक्ति ओपीडी में जाता है, उसके पास डॉक्टर की फीस और प्राथमिक दवाइयों के लिए पैसा नहीं होता है, जिससे वह इलाज नहीं करा पाता है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इसमें और लोगों को जोड़ा जाए, अभी भी बहुत सारे गरीब और वंचित लोग छूटे हुए हैं और वह इससे जुड़ना चाहते हैं । भगवान न करे कोई बीमार पड़ जाए, आज के दिन कोई गरीब व्यक्ति अपना इलाज नहीं करा पाता, क्योंकि इलाज बहुत महंगा हो गया है । किन्तु इस योजना के माध्यम से वह अपना इलाज करा पाते हैं । आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूं ।